आयोग की अनुमति मिली तो 35 प्रतिशत बढ़ जायेंगे बूथ

शशिभूषण कुंवर ▷ पटना

विधानसभा चुनाव

➲ कोरोना को लेकर 1000 वोटरों पर एक सहायक बूथ बनाने का प्रस्ताव

बिहार विधानसभा चुनाव में कोरोना संक्रमण का भी प्रभाव पड़ेगा. अब मतदाताओं को सुरक्षा प्रदान करने और सोशल डिस्टैंसिंग के साथ मतदान को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है. विधानसभा चुनाव में एक हजार से अधिक मतदाता वाले बूथों के साथ एक सहायक मतदान केंद्र का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा गया है. आयोग की ओर से इसकी अनुशंसा मिलती है तो राज्य में एक हजार से अधिक मतदाताओं वाले बूथों के साथ एक सहायक मतदान केंद्र गठित किया जायेगा. यह माना जा रहा है कि आयोग की अनुमति मिलती है तो राज्य में 30-35% बूथों ● बाकी पेज 13 पर

आयोग की अनुमति...

की संख्या में वृद्धि हो जायेगी. यह संख्या करीब 22 हजार सहायत मतदान केंद्रों की हो जायेगी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मंगलवार को सभी जिलों को मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के साथ बूथ क्षेत्र में संभावित भवनों को चिह्नित करने का निर्देश दिया है. उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बैजूनाथ सिंह ने बताया कि इस मामले पर आयोग के निर्णय का इंतजार है. फिलहाल राज्य में बूथों की कुल संख्या 72,723 है. वर्तमान स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में 1200 मतदाताओं पर एक बूथ, जबकि शहरी क्षेत्र में 1400 मतदाताओं पर एक बूथ का गठन किया गया है. इस बार के विधानसभा चुनाव समय पर होगा. फिलहाल कोविड 19 का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है. बूथों की स्थिति को देखें तो राज्य में शहरी क्षेत्र में 8239 बूथ, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 42643 बूथ हैं. बूथों के लोकेशन के अनुसार शहरी क्षेत्र में 3835 लोकेशन (भवनों) में बूथों का गठन किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 42643 लोकेशन (भवन) में बूथों का गठन किया गया है. शहरी क्षेत्र में एक-एक लोकेशन में 1206 बूथ हैं. दो बूथों वाले पोलिंग लोकेशन की संख्या 1574 है. तीन बूथ वाले पोलिंग लोकेशन की संख्या 589 है. चार पोलिंग लोकेशन वाले 323, पांच लोकेशन वाले बूथों की संख्या 81 है, जबकि छह और उससे अधिक लोकेशन वाले बूथों की संख्या 62 है. यानी शहरी क्षेत्र में 62 ऐसे भवन हैं, जहां पर छह या उससे अधिक बूथों का गठन किया गया है. इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में एक बूथ वाले लोकेशन की संख्या 24,853 है. दो बूथ लोकेशन वाले भवनों की संख्या 14,563, तीन बूथ लोकेशन वाले भवनों की संख्या 2522 है, जबकि चार बूथ लोकेशन वाले भवनों की संख्या 609 हैं. पांच या उससे अधिक बूथ लोकेशन 96 हैं.